20/8/21

कक्षा - पाँच

पाठ - 6 हिन्दी रिमझिम

चिट्ठी - पत्री

Page No.
Date: / /

प्र०1 गाँधी जी को सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया होगा?

उ० गाँधी जी भारत में ही नहीं विदेशों में भी प्रसिद्ध थे। उनके बारे में सभी को पता होता था कि वे किसी खास समय में किस स्थान पर हैं। इस कारण उनको सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र पहुँच गया।

प्र०2 अगर एक पत्र में पते के साथ किसी का नाम न हो तो क्या पत्र ठीक जगह पर पहुँच जायेगा?

उ० निस्संदेह नाम और पता से लैश पत्र ठीक जगह पहुँच जायगा।

प्र०3 नाम न होने से क्या समस्याएँ आती हैं?

उ० नाम न होने से डाकिए को यह पता करने मे थोड़ा मुश्किल होता है कि पत्र किसका है। पत्र सही आदमी की जगह किसी और के हाथ में न पहुँच जाए।

Page No.
Date : / /

प्र०4 पैदल हरकारों को किस-किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा?

उ० पैदल हरकारों को हर जगह जाना पड़ता था। डाक की रक्षा करनी होती थी। डाकू, लुटेरों या जंगली जानवरों की चपेट में आने का डर हमेशा बना रहता था।

प्र०5 अगर तुम किसी को चिट्ठी लिख रहे हो तो पते में जानकारी किस क्रम में लिखोगे? गली/मोहल्ले, घर का नं०, राज्य का नाम, खंड का नाम कस्बे/शहर/गाँव का नाम, जनपद का नाम नीचे दी गई जगहों में लिखो। तुमने इस क्रम में ही क्यों लिखा?

उ० घर का नंबर, गली② मोहल्ले का नाम ③ खंड का नाम ④ जनपद का नाम ⑤ राज्य का नाम
हमने पता इस क्रम में इसलिए लिखा क्योंकि पता लिखते समय छोटी भौगोलिक इकाई से शुरू होकर बड़ी की ओर बढ़ा जाता है।

Page No.
Date: / /

21/8/21

कक्षा पाँच

हिंदी रिमझिम पाठ - 8 वे दिन भी क्या थे

प्र०1 कुमी के हाथ जो किताब आई थी वह कब छपी होगी?
उ० वह किताब सदियों पहले छपी होगी

प्र०2 रोहित ने कहा था कि "कितनी पुस्तकें बेकार जाती होगी / एक बार पढ़ी और फिर बेकार हो गई।" क्या सचमुच में ऐसा होता है?
उ० वे भी पुस्तकें बेकार होती हैं जिन्हें लोग पढ़कर फेंक देते हैं। या कबाड़ी के यहाँ बेच देते हैं यदि पुस्तकें पढ़कर उन्हें हिफाजत से रख दी जाए तो वे कभी बर्बाद नहीं होती बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी पढ़ी जाती है।

प्र०3 कागज के पन्नों की किताब और टेलीविजन के पर्दे पर चलने वाली किताब तुम इनमें मे से किसको पसदं करोगे। क्यों?
उ० हम कागज के पन्नों की किताब को पसदं करेंगे। क्योंकि उसे पढ़ना व इधर-उधर ले जाना भी आसान होता है। वह हमेशा पास रहती है।

प्र०4 तुम कागज की छपी किताब से पढ़ते हो। पता करो कागज से पहले की छपाई किस-किस चीज पर हुआ करती?

Page No.
Date: / /

उ० कागज से पहले की छपाई लकड़ी पत्तों या धातु के बने पत्रों पर होती थी।

प्र० 5 तुम मशीन की मदद से पढ़ोगे या अध्यापक की मदद से? दोनों के पढ़ाने में किस-किस तरह की आसानियाँ और मुश्किलें हैं?

उ० मैं अध्यापक की मदद से पढ़ना चाहूँगा। क्योंकि वे हमारे सामने खड़े होकर पाठ पढ़ाते हैं। अतः पाठ पढ़ने में समझने में आसानी होती है। मशीन की पढ़ाई में ये सारी बातें नहीं होंगी। वह उबाऊ लगेगी।